


# ज़िप पाउच बनाए

इस वीडियो में आप ज़िप्पर वाला पाउच बनाना सीखेंगे, ये पाउच बहुउपयोगी है और बहुत काम आता है।



पाउच बनाने के लिए आपको चाहिए 13 इंच की ज़िप, लूप्स बनाने के लिए 6-8 इंच लंबी रिबन, मैचिंग धागे वाली एक बोबिन, और हाँ! एक 12×11.5 इंच का रंग बिरंगा कपड़े का टुकड़ा।

तो शुरू करें?

ज़िप्पर को कपड़े की चौड़ाई पर इस तरह रखें, के दोनों की सीधी आमने सामने हो।

जिप्पर को किनारे से सम रेखित कर बीडेड पिन से जोड़ दें। रनर खींच कर ज़िपर खोलें। ज़िपर की दूसरी साइड, कपड़े की अपोज़िट पर रखें। ज़िप्पर और कपड़े के किनारे एक साथ मिलाएँ, और पिन से जोड़ दें।

अब मशीन पर आएं।

A फुट को ज़िपर से बदलें। नीडल ऊपर रख के प्रेशर फुट को रिलीज़ करें। इस के लिए लीवर उठा कर क्लैंप ढीला करें। अब ज़िपर फुट लगाएं और प्रेशर फुट लीवर झुका कर उसे फिक्स करें।

अब ज़िपर फुट के एक साइड, ज़िपर फुट के दाहिने किनारे पर मिलन कराएं। ज़िपर के किनारे पर ध्यान से सिलाई चलाएं। बीडेड पिन्स हटाना भूलें नहीं। सिरा आने पर कपड़ा हटाएं और धागे काट लें।

इसी को अपोजिट साइड पर रिपीट करें।

जैसे जैसे पिंस आएं, उन्हें हटाते जाएँ। इस स्टेप को पूरा करने के बाद







आपका ज़िप्पर दोनों तरफ लग गया है। रनर खींच कर ज़िपर बंद करें कपड़े को चपटा फोल्ड करें। इस तरह के ज़िप्पर बीच में आये। लेयर्स को बना रहने के लिए, इस तरह पिन्स लगाएं।

रिबन ले कर एक 2 इंच लम्बा, और एक 3 इंच लंबा टुकड़ा काटें। अब छोटे टुकड़े को फोल्ड करें, और उसके सिरे कपड़े के सेंटर में, ज़िप के नीचे रखें। सिरों को पिन से टिकाएं। बड़े टुकड़े को भी अपोजिट साइड पर इसी तरह पिन लगाएं।

अब आप दोनों तरफ से सिलने के लिए तैयार हैं।

ज़िपर फुट हटा कर Aफुट लगाएं। ध्यान रहे के नीडल ऊपर हो।

दोनों तरफ पिन की हुई रिबन लूप्स कप सी लें, और रिवर्स स्टिच सिलेक्टर से सिलाई पक्की कर लें। इसी चीज़ को फुसरी तरफ रिपीट कर लें।

अब हम साइड सी लेंगे। कपड़े के किनारे को नीडल प्लेट के आधे इंच मार्किंग पर रखें, और उसे पक्का सी लें। ज़िपर एज आने तक सिलते जाएँ। रिवर्स स्टिच सिलेक्टर से स्टिट्चेस पक्की करलें।

अब नीडल और प्रेशर फुट उठाएं, और ज़िप्पर के कड़क हिस्से को छोड़ दें। दूसरी तरफ सी लें और रिवर्स स्टिच भी चलाएं।


सिरे तक सिलते जाएं। दूसरी तरफ भी यही दोहराएं। जब आप ज़िप तक पहुँचें, तो ज़िप खोल दें। नीडल और प्रेशर फुट उठा कर दूसरी तरफ सिलाई शुरू करें। स्टिच को दोनों तरफ से पक्का करना ज़रूरी है। धागे काट कर, फिर वर्क टेबल पर आये।

अब ज़िपर पाउच की साइड्स सील चुकी हैं। रिबन पर लगी पिन्स हटाएं।









चारों कोनों के लिए इसे दोहराएं। सिरों पर स्टिच को पक्का करना ना भूलियेगा।

पिंस हटा कर कोने को आधा इंच छोड़ कर काटें। इसी को बाकि तीन कोनो पर दोहराएं। अतिरिक्त ज़िप को भी दोनों तरफ से काट लें।

अब सारा काम हो ही गया है समझो। बस, पाउच को अंदर से बाहर पलटाएं, कोनों को ठीक करें।

आपका बॉक्सी ज़िपर पाउच तैयार है। आसान था ना!

तो जाइये, और एक्सपेरिमेंट करें, अलग अलग नाप, कपड़ो और रंगों पर। आपकी रचनात्मकता को पंख लगाएं।

कोना बनाने के लिए फोल्डेड साइड और बगल वाली सिलाई को इस तरह से मिलाएं। कोने को चपटा रखें। और उसे डेढ़ इंच भीतर एक पॉइंट मार्क करके सीधी लाइन बनाएं। इस फोल्ड को बना रखने के लिए पिन लगाएं।

बाकि तीनो कोनो के लिए इसे दोहराएं। सारे कोने मार्क और पिन हो जाने के बाद आप उन्हें सिलने के लिए तैयार हो।

मार्क हुई साइड को प्रेशर फुट के नीचे रखें। स्टिच पैटर्न सिलेक्टर को A पर, और स्टिच लेंथ को 2 से 3 के बीच में रखें। स्टिच पक्की करें और लाइन पर सिलते जाएं। मशीन को स्टॉप कर के कपड़े को निकालिये।